सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-271
05/06/2018

नीट–2018 में टॉप करने वाली बिहार की बेटी कल्पना कुमारी को मुख्यमंत्री ने बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 05 जून 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी0बी0एस0ई0) द्वारा जारी 'राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा–2018' (**National Eligibility-cum-Entrance Test, NEET-2018**) के परीक्षाफल में पूरे देश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली बिहार के शिवहर जिला की छात्रा कल्पना कुमारी को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि कुल 720 अंकों की परीक्षा में 691 अंक तथा बायोलॉजी में शत प्रतिशत अंक हासिल कर कल्पना कुमारी ने बिहार और देश का नाम रौशन किया है। बिहार बोर्ड से इंटर परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाली इस छात्रा ने 'ऑल इंडिया टॉपर' बनकर बिहार को एक बार फिर गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने कल्पना कुमारी के माता–पिता को भी अपनी पुत्री के कुशल मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया एवं कल्पना कुमारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

******